बिहार सरकार

# पर्यटन विभाग

## संकल्प

**विषयः– बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, पटना के लिए अभियंत्रण शाखा के विभिन्न पदों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्ति हेतु कुल 49 पद एवं संविदा पर नियुक्ति हेतु भू–अर्जन विशेषज्ञ पदाधिकारी के 01 पद कुल 50 पद के सृजन की स्वीकृति ।**

पर्यटन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्राणाधीन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि० द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विभिन्न पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रसाद योजना, स्वदेश दर्शन योजना, विशेष सहायता योजना के अन्तर्गत ली गयी योजना एवं राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजना यथा सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुनौराधाम मंदिर का विकास तथा सीतामढ़ी एवं बक्सर में बजट होटल, गोपालगंज स्थित थावे मंदिर एवं गया स्थित विष्णुपद मंदिर के परिसर का विकास, सुपौल के आसनपुर कुपहा में मिडवे सर्विस प्लाजा एवं मोटल का निर्माण, बांका स्थित ओढ़नी डैम के पास पर्यटकीय सुविधाओं का निर्माण, गया एवं बांका में रोपवे आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है अथवा प्रस्तावित है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन को द्रुत गति देने के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम में पूर्व से स्वीकृत अभियंत्रण शाखा के विभिन्न पदों के अतिरिक्त पदों के सृजन की आवश्यकता थी, साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भू–अर्जन की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए भू–अर्जन विशेषज्ञ पदाधिकारी के पद के सृजन की आवश्यकता थी।

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि० के निदेशक मंडल की 125वीं बोर्ड की बैठक की कार्यावली मद संख्या–125/11/2024 में स्वीकृत पदों एवं प्रशासी पदवर्ग समिति की अनुशंसा के आलोक में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के अभियंताओं के कुल 49 पद एवं भू–अर्जन विशेषज्ञ पदाधिकारी का 01 पद सहित अर्थात कुल 50 पदों को निम्नवत् सृजित किया जाता है :–

| क्र० | पदनाम | वेतनमान | पूर्व से स्वीकृत पद | नवसृजित पदों की संख्या | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य अभियंता | Level-13A | – | 01 | 01 |
| 2. | अधीक्षण अभियंता(असैनिक) | Level-13 | – | 01 | 01 |
| 3. | भू–अर्जन विशेषज्ञ पदाधिकारी | Level-13 | – | 01 | 01 |
| 4. | कार्यपालक अभियंता(असैनिक) | Level-11 | 01 | 06 | 07 |
| 5. | सहायक अभियंता (असैनिक) | Level-9 | 02 | 14 | 16 |
| 6. | कनीय अभियंता(असैनिक) | Level-7 | 02 | 24 | 26 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | कनीय अभियंता(विद्युत ) | Level-7 | 01 | 01 | 02 |
| 8. | कनीय अभियंता(यांत्रिक ) | Level-7 | — | 02 | 02 |
| | कुल | | 06 | 50 | 56 |

(2) उक्त सृजित पदों पर होने वाले व्यय की विवरणी एवं पदधारकों का कार्यक्षेत्र अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न है। उक्त पदों के सृजन पर होने वाले व्यय का वहन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना के द्वारा अपने संसाधन/स्रोत से किया जाएगा।

(3) पर्यटन विभाग के संलेख ज्ञापांक–196 दिनांक 20.01.2025 में सन्निहित उक्त पदों के सृजन के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक 04.02.2025 में मद् संख्या–40 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेश :– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाए।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–

( लोकेश कुमार सिंह )
सरकार के सचिव,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– पर्य०विविध–27/2017–........../प०वि०, पटना दिनांकः–........

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के सचिव,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– पर्य०विविध–27/2017–434/प०वि०, पटना दिनांकः–05-2-2025

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/ वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/माननीय मंत्री, पर्यटन के आप्त सचिव/सचिव, पर्यटन के प्रधान आप्त सचिव/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना/निदेशक, पर्यटन निदेशालय, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता/महाप्रबंधक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम एवं विभागीय आई०टी०मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।
05/02/2025